लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 191, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 1 जून 2025

PAGE NO, 02, BOTTOM

## नवीनतम शोधों, तकनीकों व बदलावों पर व्याख्यान

**बरेली, अमृत विचार** : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स में देश के नामचीन अस्थि रोग विशेषज्ञों ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी दी। इंडियन आर्थोस्कोपी सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस पहले कोर्स आईएएस वन में आर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में अस्थिरोग विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता डॉ. राजीव रमन ने कोर्स को लाभप्रद बताया। चेयरमैन देव मूर्ति ने युवाओं में फास्ट ड्राइविंग के प्रति बढ़ते रुझान और इससे होने वाले हादसों की स्थिति को गंभीर बताया। आर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख प्रो. संजय गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। प्रो. अपसर खान ने आभार जताया। संचालन डॉ. राहुल ने किया। डॉ. राजीव रमन, डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनीत जैन, डॉ. धनंजय शबत, डॉ. समीर वर्मा, डॉ. पुनीत अग्रवाल, डॉ. जफर इकबाल, डॉ. नीरज प्रजापति, डॉ. रोहिल मेहता ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और बदलावों पर व्याख्यान दिया। प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी, डॉ. एसके कौशिक, डॉ. प्रदीप पांडेय, डॉ. आलोक शर्मा मौजूद रहे।

